राज्य औषधीय पादप बोर्ड उत्तराखण्ड
229, इन्द्रा नगर कॉलोनी, देहरादून (उत्तराखण्ड) –248006
ई–मेल : ceosmpbuk@gmail.com, टेलीफैक्स : 0135–2769918

"विज्ञप्ति"

राज्य औषधीय पादप बोर्ड, उत्तराखण्ड में वित्तीय वर्ष 2026–27 में न्यूक्लियस सेन्टर ग्रान्ट (राज्य औषधीय पादप बोर्ड सुदृड़ीकरण योजना) के कार्यान्वयन हेतु अनुबन्ध आधार पर नियुक्ति की जानी है, जिसकी अवधि दिनाँक 31 मार्च 2027 तक की होगी, जिसे किये गये कार्यों एवं राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा बजट स्वीकृति के आधार पर आगे भी बढ़ाया जा सकता है। अनुबन्ध आधार पर नियुक्ति हेतु निम्न पदों पर निम्न विवरणानुसार नियत मानदेय पर दिनाँक 18 जुलाई 2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे राज्य औषधीय पादप बोर्ड, 229 इन्द्रा नगर कॉलोनी, देहरादून के कार्यालय में Walk in Interview (तात्कालिक साक्षात्कार) हेतु योग्य एवं अनुभवी अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जाता है।

पदनाम/पदों की संख्या/ नियत मानदेय	शैक्षिक अर्हता	कार्य एवं उत्तरदायित्व
1. कन्सलटेन्ट (मेडिसिनल प्लान्ट्स) 1.1– 01 पद 1.2 –नियत मानदेय रू0 35,000/– प्रतिमाह	**अनिवार्य** • औषधीय पादप/वनस्पती/कृषि/औद्यानिकी विषय में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंको में स्नातकोत्तर उपाधि। • औषधीय एवं सगन्ध पादप क्षेत्र में कृषिकरण, संरक्षण, विपणन, शोध एवं विकास कार्य सहित कृषक समुदायों के साथ किये गये कार्यों में न्यूनतम 02 वर्ष का कार्य अनुभव। **अधिमानी** • हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में दक्षता। • कम्प्यूटर में एम0एस0 वर्ड, एक्सल, पावर प्वाइन्ट आदि का ज्ञान।	• राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, नई दिल्ली के साथ–साथ औषधीय एवं सगन्ध क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न विभागों/एजेन्सियों के साथ समन्वय का कार्य। • समय–समय पर बोर्ड की बैठकों/कार्यशालाओं/गोष्ठी आदि का आयोजन करना। • परियोजना प्रस्ताव तैयार करना। • विभिन्न व्यक्तियों एवं सस्थाओं से प्राप्त परियोजना प्रस्तावों का गुणावगुण अनुवीक्षण कार्य। • सम्बन्धित विभागों/एजेन्सियों के साथ समन्वय का कार्य। • बाहरी गतिविधियों जैसे मेला/गोष्ठी/सेमीनार/बैठकों का आयोजन करना। • मेला/गोष्ठी/सेमीनार/बैठकों एवं प्रशिक्षण इत्यादि में औषधीय एवं सगन्ध पादपों से सम्बन्धित प्रदर्शो (Exibits) की प्रदर्शनी लगाना। • मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा निर्देशित अन्य कार्य।
2. लेखा सहायक 2.1– 01 पद 2.2–नियत मानदेय रू0 22,500/– प्रतिमाह	**अनिवार्य** • भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से न्यूनतम 45% अंको के साथ बी0कॉम की उपाधि। • लेखा से सम्बन्धित कार्यों में सरकारी, अर्द्धसरकारी एवं स्वायत्तशासी संस्थान में न्यूनतम 01 वर्ष का कार्य अनुभव। **अधिमानी** • कम्प्यूटर एप्लीकेशन में 01 वर्ष का सर्टीफिकेट। • टैली का ज्ञान।	• वित्तीय दस्तावेज तैयार करना यथा–चालान, बिल, वाउचर। • मासिक/वार्षिक वित्तीय आख्या तैयार करना। • वार्षिक बजट तैयार करना। • मासिक बजट कार्यों का प्रबन्धन। • पत्रों के आलेख, नोटशीट तैयार कर प्रस्तुत करने का कार्य। • मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा निर्देशित अन्य कार्य।

	• कम्प्यूटर में एम0एस0 वर्ड, एक्सल, पावर प्वाइन्ट आदि कार्य का ज्ञान। • हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में टंकण का ज्ञान।	

नियम व शर्तें :–

1. अभ्यर्थी की आयु 01 जुलाई 2026 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं 42 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये।
2. नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई एवं अनुबन्ध आधार पर की जानी हैं, प्रथमतया अनुबन्ध दिनाँक 31 मार्च 2027 तक का होगा, जिसे किये गये कार्यों (Performance) एवं आवश्यकतानुसार आगे भी बढ़ाया जा सकता है।
3. पद का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण राज्य होगा।
4. अभ्यर्थी को अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ–साथ प्रमाणपत्रों की एक–एक स्व प्रमाणित प्रति, अनुभव प्रमाण पत्र सहित बायोडाटा प्रपत्र के साथ दिनाँक 18 जुलाई 2026 को साक्षात्कार समिति के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी।
5. साक्षात्कार हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
6. किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राज्य औषधीय पादप बोर्ड, उत्तराखण्ड का निर्णय अन्तिम व बाध्यकारी होगा व विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून होगा।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी